प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
प्रयागराज।

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
विशप जॉन्सन गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज,
प्रयागराज।

पत्रांक / 29794-95 /2025–26 दिनांकः– 12-3-2026

विषय– विशप जॉन्सन गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज, प्रयागराज की मान्यता स्थायीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संस्था प्रधानाचार्य, विशप जॉन्सन गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज, प्रयागराज के पत्रांक / बीजेजीएससी / बीएसए / सीओआर / 25–26 / 001 दिनांक 11.03.2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि ज्वाइन्ट सेक्रेटरी(एएफएफ)एफिलिटेड टू सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्ड्री एजूकेशन (सीबीएसई, नई दिल्ली) के पत्रांक सं0–सीबीएसई / एएफएफ / यूएस–00247–2627 / 2026–27 दिनांक 23.02.2026 द्वारा संस्था विशप जॉन्सन गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज, प्रयागराज की मान्यता प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त संस्था के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शिक्षा निदेशक(बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक / शि0नि0(बे0) / मान्यता / 38274–371 / 2025–26 दिनांक 10.10.2025 द्वारा शासनादेश संख्या–89 / अरसठ–3–2018–2041 / 2018 दिनांक 11 जनवरी, 2019 निर्गत किया गया जिसमें पूर्व में निर्गत मान्यता सम्बन्धी शासनादेशों को अवक्रमित करते हुए अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाई स्कूलों को मान्यता दिये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश निर्गत किया गया है। उक्त शासनादेश दिनांक 08 मई, 2013 की शर्तों के अधीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शासनादेश दिनांक 08 मई, 2013 के प्रस्तर–13 में उल्लिखित प्रावधानों के अन्तर्गत जिन विद्यालयों को औपबिन्धक मान्यता प्रदान की गयी है तथा मान्यता की शर्तों के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नही हुआ है तो औपबन्धिक मान्यता प्राप्त होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थायी मान्यता प्राप्त हो गयी है।

उक्त से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक– शिक्षा निदेशक(बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ के पत्र दिनांक 10.10.2025 की छायाप्रति।

भवदीय

(अनिल कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
प्रयागराज।

पृष्ठांकन सं0 / /2025–26 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– ज्वाइन्ट सेक्रेटरी(एएफएफ) एफिलिटेड टू सेन्ट्रल बोर्ड आफ सेकेण्ड्री एजूकेशन (सीबीएसई, नई दिल्ली) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
प्रयागराज।